घर की औरतों से आया पैडमैन बनाने का मोटिवेशनः अक्षय कुमार

बॉलिवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म टॉइलट एक प्रेम कथा के प्रमोशन में जी जान से जुटे हैं। साथ ही उनकी अगली फिल्म पैडमैन की शूटिंग भी पूरी ह चुकी है। अक्षय की पैडमैन का पोस्टर और फिल्म की रिलीज़ डेट की घोषणा की गई है। अक्षय कुमार के साथ इस फिल्म में सोनम कपूर और राधिका आप्टे भी लीड रोल में हैं। इस फिल्म के साथ ही अक्षय की पत्नी ट्विंकल खन्ना एक प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू कर रही हैं। यह फिल्म 13 अप्रैल 2018 को रिलीज़ होगी। ट्विंकल ने पैडमैन का पोस्टर अपने सोशल साइट ट्विटर के जरिए जारी कर दिया है। पोस्टर में अक्षय एक डी-ग्लैम लुक में बनारस के विश्वनाथ मंदिर के पास ही साइकल चलाते हुए नजर आ रहे हैं। इस फिल्म के बारे में बातचीत करते हुए अक्षय ने कहा, पैडमैन जैसी फिल्म बनाने के लिए मेरे अंदर मोटिवेशन मेरे घर में रहने वाली महिलाओं से आया। मेरे घर में मेरी मां, मेरी बहन, मेरी मदर इन लॉ, मेरी बेटी, मेरी वाइफ की ग्रैंड मदर और मेरी पत्नी सब साथ में ही रहते हैं। कहने का मतलब है मैं और मेरा बेटा आरव अपने घर की इन सभी महिलाओं के साथ रहते हैं तो मैं ऐसी फिल्म बनाने के लिए प्रभावित इन्ही सब लोगों से होता हूं। मेरी बीवी महिलाओं से जुड़ी सभी तरह की समस्याओं पर बात करती रहती हैं। सैनिटरी नैपकिन पर फिल्म बनाने की सोच की शुरुआत ट्विंकल की ही थी। सैनिटरी नैपकिन से जुड़ी समस्या महिलाओं की बहुत बड़ी समस्या है, टॉइलट से भी बड़ी प्रॉब्लम है यह। यह बहुत दुःख की बात है की भारत में 91प्रतिशत महिलाएं आज भी पैड का इस्तेमाल नहीं कर पाती हैं, क्योंकि उनके पास इसे खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं। मैंने इससे जुड़ी तमाम कहानियां सुनी हैं जो अभी मैं आपको बता नहीं पाऊंगा। टॉइलट एक प्रेम कथा और पैडमैन की को-प्रड्यूसर प्रेरणा अरोरा कहती हैं, यह फिल्म सैनिटरी नैपकिन और माहवारी के बारे में गांव और महिलाओं के बीच जागरुकता फैलाएगी।पैडमैन अरुणाचलम मुरुगानाथम पर बनी बायॉपिक है। जो माहवारी आदमी के नाम से मशहूर हैं। फिल्म अरुणाचलम के संघर्ष को दिखाएगी। जिसमें वह माहवारी को समझने और गांव की महिलाओं के लिए पहली इको फ्रेंडली और पॉकेट फ्रेंडली सैनिटरी नैपकिन बनाने वाले पहले आदमी बनते हैं। यह एक संयोग है कि इस फिल्म की घोषणा टॉयलेटः एक प्रेम कथा के बाद हुई। टॉयलेटः एक प्रेम कथा भी सामाजिक संदेश देने वाली फिल्म है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित है। पैडमैन की शूटिंग हमने खत्म कर ली है। इन दिनों हम फिल्म के शूटिंग के बाद डबिंग और संगीत से जुड़ा काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान अरुणाचलम मुरुगा नाथम हर समय साथ थे। इस फिल्म का निर्देशन आर बल्की ने किया है।

शुभ मंगल सावधान का नया गाना रॉकेट सैयां रिलीज

आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर की फिल्म शुभ मंगल सावधान का गाना रॉकेट सैयां रिलीज हो गया है. फिल्म के तेवरों की तरह ही यह गाना भी मस्ती भरा है. गाने में आयुष्मान और भूमि का ढिनचैक अंदाज देखा जा सकता है. गाने में दोनों ही इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं. गाने में किसी छोटे शहर की भरपूर झांकी है. मस्ती गाने की आत्मा है, और गाने में शब्दों के साथ काफी प्रयोग किए गए हैं. जहां एक तरफ गाने में भूमि अपनी शादी के लिए मस्ती भरे अंदाज में डांस की तैयारी से लेकर फोटोशूट तक की ख्वाहिश पूरी करती दिख रही हैं तो वहीं आयुष्मान सारी शादी में अपनी समस्या के लिए उपाय करते नजर आ रह हैं. बता दें कि फिल्म में आयुष्मान खुराना को जेंटलमैन प्रॉब्लम है, और भूमि के साथ उनके संबंध इसी वजह से खटाई में पड़ जाते हैं. फिल्म को आर.एस. प्रसन्ना ने डायरेक्ट किया है. फिल्म के प्रोड्यूसर आनंद एल. राय हैं और फिल्म 1 सितंबर को रिलीज होने जा रही है. यह भूमि और आयुष्मान की दूसरी फिल्म है. भूमि और आयुष्मान की पहली फिल्म दम लगाकर हयैशा में भी भूमि को मुश्किल में डाल देने वाला पति मिला था और इस बार भी ऐसा है. लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं है कि दोनों की जोड़ी जम रही है, और गाना धमाल भरा है. फिल्म में भूमि, आयुष्मान से प्यार करती है और इनकी शादी होने वाली है. लेकिन आयुष्मान की समस्या के चलते यह काफी कॉमेडी पैदा होती है और एक बार फिर एक बेहद अलग विषय को हंसी-हंसी में लाया जा रहा हैं. इससे पहले आयुष्मान खुराना स्पर्म डोनेशन जैसे गंभीर सबजेक्ट पर बनी फिल्म विक्की डॉनर में नजर आ चुके हैं.

तुम मिले गाने को नया अंदाज़ देंगी सोनाक्षी

आप तो यह जानते ही होंगे कि सोनाक्षी सिन्हा केवल ऐक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि बॉलिवुड म्यूज़िक की दुनिया में भी अपना नाम कमा चुकी हैं। इस सिंगिंग के मामले में सोनाक्षी कुछ नया करने जा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सोनाक्षी कनाडियन रैपर परिचय के साथ मिलकर 90 के दशक के पॉप्युलर गाने को नया अंदाज़ देने जा रही हैं। फिल्मों के साथ-साथ सोनाक्षी अपने म्यूज़िक करियर पर भी काफी ध्यान दे रही हैं। इसी राह पर आगे चलते हुए सोनाक्षी उन फेमस गाने तुम मिले का नया वर्ज़न तैयार करने जा रही हैं, जो हिन्दी फिल्म की क्रिमिनल से है। बता दें कि इस फिल्म में साउथ इंडियन तेलुगू-एक्टर नागार्जुन और बॉलिवुड ऐक्ट्रेस मनीषा कोइराला हैं और इसे अलग-अलग रोमांटिक जगहों पर शूट किया गया था। इस नए वर्ज़न में ज्यादातर हिस्से में सोनाक्षी नज़र आएंगी और कुछ में परिचय। खबर है कि इसके लिए फिलहाल कोरियॉग्राफी को लेकर अभी कुछ फाइनल नहीं हुआ है। छपी खबर के मुताबिक, सोनाक्षी और परिचय इस संबंध में पांच महीने पहले एक-दूसरे से मिले और कई मुलाकात के दौरान उन्होंने गाने भी रिकॉर्ड किए। कहा जा रहा है कि इस साल के अंत तक विडियो का काम पूरा कर लिया जाएगा।

सनी लियोन की फिल्म तेरा इंतजार का मोशन पोस्टर रिलीज

सनी लियोन पिछले कुछ समय से अपनी फिल्मों की वजह से नहीं बल्कि अन्य वजहों से सुर्खियों में रही हैं. जैसे बच्ची को गोद लेना या फिर बादशाहो में आइटम सांग. लेकिन अब उनकी खुद की फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आ गया है. फिल्म का नाम है तेरा इंतजार और फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है. मोशन पोस्टर में सनी लियोन काफी सीरियस लुक में दिख रही हैं, जबकि अरबाज खान पेंटर के रूप में नजर आ रहे हैं. फिल्म में उनके साथ अरबाज खान हैं. इस म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म को राजीव वालिया डायरेक्ट कर रहे हैं और इसमें अमन मेहता और बीजल मेहता ने प्रोड्यूस किया है. अरबाज को सनी के साथ देखना दिलचस्प रहेगा क्योंकि सनी लियोन ने भारत में एंट्री अरबाज के भाई सलमान खान के कॉन्ट्रोवर्शियल शो बिग बॉस से ही की थी. इस शो ने उन्हें रातोरात स्टार बना दिया था. हालांकि, इन दिनों सनी और अरबाज दोनों का ही करियर पटरी पर नहीं चल रहा है. फिल्मों के मामले में सफलता उनके हाथ नहीं लग रही है. ऐसे में दोनों की जोड़ी का साथ आना मजेदार है, देखने है किससे किसको फायदा होता है.

चंद्रलेखा बनी जैकलीन फर्नांडीज का सुपर हॉट पोल डांस...

जैकलीन फर्नांडीज और सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म ए जेंटलमैन-सुंदर सुशील रिस्की का एक और गाना चंद्रलेखा रिलीज हो गया है और फिल्म का यह गाना आपको भी ऑफिस के बाद फॉर्मल ड्रेस में ही सही, पर पार्टी करने के लिए मोटिवेट कर देगा. इस गाने को देखकर आप भी एक बार सोचेंगे कि आखिर ऐसा कौनसा ऑफिस है, जिसकी पार्टी इतनी जबरदस्त और क्रेजी होती है. गाने के बोल और इसका पैपी म्यूजिक को आपको थिरकने को मजबूर कर ही सकता है लेकिन इस गाने में सारे नंबर लिए हैं जैकलीन के सुपर हॉट पोल डांस ने. बता दें कि कुछ दिन पहले जैकलीन ने आधी रात को पोल डांस करने की तैयारी का एक वीडियो पोस्ट किया था, जो काफी वायरल हुआ था. उस समय यह समझना मुश्किल था कि आचनक आधी रात को जैकलीन यह पोल डांस क्यों कर रही हैं, लेकिन अब साफ है कि दरअसल यह वीडियो इसी गाने की तैयारी था. ए जेंटलमैन के इस नए गाने को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है वहीं इस गाने में आवाज दी है विशाल ददलानी और जोनिता गांधी ने. वायु द्वारा लिखे गए इस गाने में ऑफिस पार्टी का मूड बनाया गया है और गाने में सिद्धार्थ माइक पकड़कर गाना गाते नजर आ रहे हैं. ए जेंटलमैन सुंदर सुशील रिस्की एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है. फिल्म में सिद्धार्थ डबल रोल में हैं. एक का नाम गौरव है और दूसरे का ऋषि गौरव एक सीधा-साधा इंसान है, जबकि ऋषि थोड़ा टेढ़ा है. जैकलीन फिल्म में काव्या के किरदार में नजर आएंगी. फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. गाना डिस्को डिस्को एक पॉपुलर चार्ट बस्टर बन गया है. फॉक्स स्टार स्टूडियोज द्वारा निर्मित, राज और डी.के. द्वारा निर्देशित यह फिल्म 25 अगस्त, 2017 को रिलीज होगी.

छोटे पर्दे की भाबी 'शिल्पा शिंदे' बनेंगी बिग बॉस 11 का हिस्सा!

टीवी की भाबी जी यानी अभिनेत्री शिल्पा शिंदे आपको याद होंगी ही। छोटे पर्दे पर 'अंगूरी भाभी' के नाम से पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 11' का हिस्सा बन सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि शिल्पा शिंदे को इस सीजन का हिस्सा बनाने के लिए शो के निर्माताओं ने अप्रोच किया है। एक अखबार के अनुसार, शिल्पा शिंदे इस शो का हिस्सा बन सकती है। बता दें कि बिग बॉस का 11वां सीजन सितंबर के दूसरे हफ्ते में शुरू होने की उम्मीद की जा रही है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शिल्पा शिंदे ने एंड टीवी के मशहूर शो 'भाबी जी घर पर हैं' के किरदार अंगूरी भाभी से घर-घर में अपनी एक खास पहचान बनाई थी।

सामने आई आलिया भट्ट की फिल्म राजी की रिलीज डेट

नई दिल्लीः आलिया भट्ट ने बॉलीवुड में कम उम्र में बहुत कुछ कर दिखाया है. उनकी कोशिश हर फिल्म में कुछ हटकर करने की रहती है. फिर चाहे वह डियर जिंदगी हो या हाईवे या फिर उड़ता पंजाब. अब वह फिल्म राज़ी में भी कुछ अनोखा ही करने जा रही हैं. फिल्म की रिलीज डेट आ गई है. प्रोड्यूसर्स ने इसे 11 मई, 2018 को रिलीज करने का फैसला किया है. फिल्म में आलिया भट्ट कश्मीरी लड़की के किरदार में हैं जो एक पाकिस्तानी अधिकारी से इश्क करती है. अब अंदाजा इसी बात से ही लगाया जा सकता है कि कहानी दिलचस्प होगी. मेघना गुलजार की पिछले साल रिलीज हुई तलवार फिल्म काफी चर्चा में रही थी और इसे पसंद भी किया गया था. फिल्म को करन जौहर प्रोड्यूस कर रहे हैं. चलिए उम्मीद करते हैं, आलिया का कश्मीरी अंदाज उनके फैन्स की संख्या में इजाफा करने का काम ही करेगा. करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन की इस अगली फिल्म का निर्देशन लेखक गुलजार की बेटी और निर्देशक मेघना गुलजार करेंगी. मेघना इससे पहले फिल्म तलवार और जस्ट मैरिड जैसी फिल्मों का का निर्देशन कर चुकी हैं. आलिया के साथ इस फिल्म में मसान और रमन राघव जैसी फिल्मों में नजर आ चुके एक्टर विक्की कौशल नजर आने वाले हैं.

मर्दों की जागीर नहीं हैं औरतेंः भूमि पेडनेकर

बॉलिवुड अभिनेता अक्षय कुमार और अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी रिलीज के लिए तैयार फिल्म टॉइलट एक प्रेम कथा के प्रमोशन में जी जान से जुटे हैं। वुमन सेल्फ डिफेन्स से जुड़े एक आयोजन में अक्षय ने जहां महिलाओं को अपना ध्यान खुद रखने को लेकर प्रोत्साहित किया वहीं महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े एक सवाल पर भूमि ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए सबसे पहले मर्दों के दिमाग से यह निकलना जरूरी है कि औरतें मर्दों की जागीर हैं। भूमि ने कहा, मुझे लगता है भारत में चाहे वह मुंबई जैसा बड़ा शहर हो या कोई गांव, सभी जगह महिलाओं की हालत या गांव और शहर की महिलाओं की समस्या एक जैसी ही है। हमें अपने घर के लड़कों को बचपन से ही शिक्षित करना होगा कि औरतें उनकी जागीर नहीं हैं। छोटे शहरों में जो पुरुष प्रधानता वाली सोच है लड़कों में उसे तोड़ने की जरूरत है और यह काम सिर्फ जानकारी और शिक्षा से होगा। भूमि अपनी बात बढ़ाते हुए आगे कहती हैं, मुझे लगता है हर मां को अपने बेटे को यह सिखाना और बताना होगा कि यदि तुमने अपने पिता को मुझसे गलत बर्ताव करते देखा है तो इसका मतलब यह नहीं है कि तुम भी औरतों के साथ गलत तरीके से पेश आओ। पुरुष प्रधानता की सोच को तोड़ने के लिए हमारे पास अच्छे उदाहरण नहीं हैं। हम बचपन से अपने पिता का व्यवहार देख कर सीखते हैं। माता-पिता को चाहिए कि महिलाओं से जुड़े अपने आस-पास की गलत घटनाओं पर अपने बच्चों से बात करें और उन्हें बताएं कि यह जो हो रहा है वह गलत है। अक्षय और भूमि की फिल्म टॉइलट एक प्रेम कथा अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। फिल्म में अक्षय और भूमि के अलावा अनुपम खेर और दिव्येंदु शर्मा अहम भूमिका में हैं। टॉइलटःएक प्रेम कथा सोशल मुद्दे पर बेस्ड फिल्म है, जो देश में महिलाओं के लिए टॉइलट जैसी सुविधाओं में कमी की ओर इशारा करती है। फिल्म पहले से ही अपने सामाजिक मुद्दे की वजह से काफी सुर्खियों में है। अक्षय इस फिल्म का प्रमोशन लंबे समय से कर रहे हैं। इस फिल्म को लेकर अक्षय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले, क्योंकि यह फिल्म मोदी के अभियान स्वच्छ भारत कैंपेन से भी प्रेरित है।

जब रणवीर और उनकी गर्लफ्रेंड के बीच आए आदित्य

करण जौहर के सिलेब्रिटी चैट शो कॉफी विद करण की ही तरह नेहा धूपिया का बॉलिवुड पॉडकास्ट शो नो फिल्टर विद नेहा भी काफी चर्चा में रहता है। इस शो में भी अक्सर स्टार्स कुछ ऐसी बातें कह जाते हैं, जो मीडिया की सुर्खियों में छा जाती हैं। हाल ही में रणवीर सिंह इस शो के गेस्ट बनकर पहुंचे थे। रणवीर सिंह आज बॉलिवुड के उन टॉप स्टार्स में से हैं, जिनकी यंगस्टर्स के बीच जबरदस्त फैन फॉलोइंग है, लेकिन क्या आपको पता है कि लड़कियों के फेवरिट रणवीर सिंह का भी दिल टूट चुका है। इतना ही नहीं, उन्हें भी उनकी गर्लफ्रेंड ने डिच कर दिया था।

अपने फील्ड की शाहरुख खान बनना चाहती हूंः प्रेरणा अरोरा



अभिनेता अक्षय कुमार के साथ रुस्तम जैसी सफल और कई अवॉर्ड से सम्मानित फिल्म बना चुकीं प्रड्यूसर प्रेरणा अरोरा इन दिनों अक्षय के साथ अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म टॉइलट एक प्रेम कथा के प्रचार-प्रसार और मार्केटिंग के काम में जी-जान से जुटी हैं। प्रेरणा ने कहा कि वह एक महिला प्रड्यूसर हैं तो कहानियां चुनते समय इस बात का पूरा ध्यान रखती हैं कि उनकी फिल्मों में महिलाओं की समस्याओं, सकरात्मक सोच सहित समाज और देश के विकास पर बात की जाए। वह कहती हैं कि वह अगले पांच सालों में अपने कार्य क्षेत्र की शाहरुख खान बनना चाहती हैं। प्रेरणा कहती हैं, फिल्म इंडस्ट्री मेरे लिए नया जरूर है लेकिन यहां गंभीरता से काम करने वालों के लिए बहुत काम है, यही वजह है कि हम बॉलिवुड में अपनी जगह बना पाए हैं। टॉइलट एक प्रेम कथा के बाद हम अक्षय कुमार के साथ पैडमैन भी लेकर आ रहे हैं। इसके बाद सुशांत सिंह राजपूत और सैफ अली खान-अमृता सिंह की बेटी सारा खान की फिल्म केदारनाथ की शूटिंग शुरू करेंगे। साथ ही हम जॉन अब्राहम के साथ फिल्म परमाणु बना रहे हैं। राकेश ओम प्रकाश के साथ मिलकर हम अनिल कपूर और ऐश्वर्या राय बच्चन स्टारर फिल्म फन्ने खां भी बना रहे हैं। प्रेरणा आगे बताती हैं, हमने जॉन अब्राहम की कंपनी के साथ मिल कर कुल 3 फिल्में बनाएंगे। अक्षय कुमार के साथ हमने तीन फिल्म की हैं, हम आगे भी साथ काम करेंगे, फिलहाल अक्षय के पास डेट्स की कमी है। मैं शाहरुख खान के काम-काज के तरीके बेहद प्रभावित हूं, मुझे उनके साथ भी फिल्म बनाना है। एक फिल्म निर्माता के तौर पर मुझे अगले 5 साल में नंबर 1 की पोज़िशन में पहुंचना है। मौका मिला तो हमारी कंपनी क्रिअर्ज, करण जौहर की कंपनी धर्मा और शाहरुख के प्रॉडक्शन रेड चिलीज के साथ भी हाथ मिलकर काम करेगी। मैं अपने कार्य क्षेत्र की शाहरुख खान बनना चाहती हूं।

बेफिक्रे ऐक्ट्रेस वानी कपूर ने उतारी शर्ट, जीआईएफ वायरल

एक्ट्रेस वाणी कपूर पिछले साल रिलीज हुई अपनी फिल्म बेफिक्रे में पहले ही काफी बोल्ड अंदाज में नजर आ चुकी हैं. अपनी पहली फिल्म शुद्ध देसी रोमांस में देसी लड़की के अंदाज में नजर आई वाणी के बेफिक्रे अदांज को देखकर उनके फैन्स भी दंग रह गए थे. लेकिन अब वाणी कपूर ने कुछ ऐसा कर दिया है कि उनके फैन्स एक बार फिर उनका बोल्ड अंदाज देख पा रहे हैं. दरअसल वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर लोगों को कपड़े उतारने का चैलेंज दिया है. वाणी अकेली नहीं, बल्कि एक्ट्रेस काल्की कोचलिन भी उनके इस चैलेंज में उनका साथ दे रही हैं. काल्की को कैमरे के सामने अपने कपड़े बदलते हुए भी देखी जा रही हैं. वैसे सोशल मीडिया पर कई एक्टर्स और सेलेब्रिटीज अपने फैन्स को अलग-अलग चैलेंज देते रहते हैं, लेकिन इन दोनों हीरोइनों के इस चैलेंज ने कुछ समय के लिए चौंका दिया. वाणी और काल्की कोचलिन के इस चैलेंज का नाम है स्ट्रिपटूबेसिक. दरअसल यह चैलेंज एक डिजाइनर ब्रांड का है जिसे वाणी और काल्की प्रमोट कर रही हैं. इसको लेकर वाणी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो भी शेयर किया है जिसमें वह अपनी शर्ट उतारे दिख रही हैं. हालांकि वाणी ने अभी तक अपना पूरा वीडियो शेयर नहीं किया है और वह जल्द ही इसपर और भी वीडियो शेयर करने वाली है, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने फैन्स को दी है. आप खुद ही देख लीजिए कि वो इस वीडियो के जरिए किस तरह का चैलेंज दे रही हैं. वाणी ने इसे शेयर करते हुए लिखा है, इसे लेकर काफी उत्साहित हूं, आप तक जल्द ही कुछ खास लाने वाली हूं काल्की कोचलिन इस चैलेंज से जुड़ा अपना वीडियो पहले ही शेयर कर चुकी हैं. सिर्फ यह एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि कई और लोग भी स्ट्रिप टू बेसिक कैंपेन के तहत अपने वीडियो शेयर कर रहे हैं.

दीपक डोबरियाल ने फिल्म में रोल की खातिर मुंडवा लिया सिर

एक्टर दीपक डोबरियाल तनु वेड्स मनु और हिंदी मीडियम जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहे हैं. वे अक्षत वर्मा की कालाकांडी में भी दर्शकों के पेट में बल डालने के लिए तैयार है. डायरेक्टर अक्षत दीपक का काम के प्रति समर्पण देखकर काफी इमप्रेस हैं. शूटिंग के दौरान अक्षत ने दीपक को सिर मुंडवाने के लिए कहा और दीपक ने झटपट हां कह दी. यही नहीं, उसी दिन उन्होंने सिर भी मुंडवा लिया. दीपक बताते हैं, अगर मुझे अच्छी स्क्रिप्ट मिलती है, और यह मुझसे किसी खास तरह की मांग करती है तो मैं इसके लिए किसी भी बलिदान के लिए तैयार हूं. इस तरह की फिल्म के लिए गंजा होना तो बहुत छोटी-सी चीज है. जज्बा हो तो ऐसा कालाकांडी 8 सितंबर को रिलीज हो रही है, और इसमें सैफ अली खान लीड रोल में हैं.